प्रसार भारती
आकाशवाणी शिमला
08.01.2026 / प्रादेशिक समाचार / 15:00बजे

जीडीपी वृद्धि

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि भारत की रिफार्म एक्सप्रेस लगातार गति पकड़ रही है, क्योंकि चालू वित्त वर्ष में देश की सकल घरेलू उत्पाद–जीडीपी में 7 दशमलव चार प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान है, जबकि पिछले वित्त वर्ष में यह 6 दशमलव पांच प्रतिशत थी। जीडीपी के आंकड़ों पर प्रतिक्रिया देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि यह वृद्धि एनडीए सरकार के निरंतर निवेश प्रोत्साहन और मांग–आधारित नीतिगत उपायों के कारण संभव हो रही है। नरेन्द्र मोदी ने कहा कि बुनियादी ढांचागत विकास, विनिर्माण प्रोत्साहन, डिजिटल सार्वजनिक वस्तुएं और व्यापार में सुगमता जैसे क्षेत्रों में किए जा रहे प्रयास एक समृद्ध भारत के सपने को साकार करने की दिशा में लक्षित हैं।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने स्वास्थ्य सेवाओं में ऑनलाईन सुविधाओं का समावेश करने के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। शिमला में आज स्वास्थ्य विभाग, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन और चिकित्सा शिक्षा निदेशालय के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक बैठक में उन्होंने कहा कि इसके लिए स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल की अध्यक्षता में एक समिति गठित की जाएगी जो अगले 10 दिन के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी। मुख्यमंत्री ने बताया कि स्वास्थ्य सेवाओं में ऑनलाईन सुविधाओं के समावेश से नवीनतम सूचना प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल सुनिश्चित होगा। उन्होंने कहा कि इससे लोगों के समय और साधनों की बचत होने के साथ सेवाओं में गुणवत्ता भी आएगी।

विकसित भारत संवाद

विकसित भारत युवा नेता संवाद–2026 कार्यक्रम कल नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित होगा। केन्द्रीय खेल और युवा मामले मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने कहा है कि यह कार्यक्रम युवाओं को आगे बढ़कर नेतृत्व करने, चुनौतियों का सामना करने और देश के भविष्य के निर्माण की रूप रेखा में योगदान देने के लिए सशक्त बनाएगा। उन्होंने कहा कि इस चार दिवसीय कार्यक्रम में देश भर के युवा नेता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ विकसित भारत के दृष्टिकोण पर विचार साझा करेंगे। मांडविया ने

कहा कि भारत, दुनिया भर में सबसे अधिक युवाओं वाला देश है। हिमाचल से भी 35 युवा इस कार्यक्रम में भाग लेंगे।

वीबी–जी राम जी

ग्रामीण परिवारों को आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने और विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को प्राप्त करने पर केंद्रित भारत सरकार की विकसित भारत–जी राम जी योजना आकांक्षी जिला चंबा के लोगों के लिए भी फायदेमंद साबित होगी। इस योजना का स्वागत करते हुए ग्रामीण परिवेश से संबंधित जिलावासियों के अनुसार भारत सरकार की विकसित भारत जी राम जी योजना से आने वाले समय में ग्रामीण इलाकों की तस्वीर ही बदल जाएगी।